भर्ती हेतु सूचना

वरिष्ठ परामर्शदाता–स्वास्थ्य सेवा वित्तपोषण (एचसीएफ)

सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत एक स्वायत्त पंजीकृत सोसायटी के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया है। एनएचएसआरसी को स्वास्थ्य नीति/कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है।

यदि आप स्वास्थ्य साम्या और उत्कृष्टता के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो यहां आपके लिए एक ऐसी टीम के साथ कार्य करने का एक अनोखा अवसर है, जो भारत में जन स्वास्थ्य परिदृश्य को आकार प्रदान कर रही है। यह पद, अपको राष्ट्रीय, राज्य और जिला स्तरों पर उपलब्ध क्रियान्वयन सहायता के माध्यम से स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में सुधार करने और स्वास्थ्य के क्षेत्र में सकारात्मक परिणाम लाने की प्रक्रिया में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। विविध टीमों के साथ कार्य कर आप सेवा प्रदायगी प्रणाली, सबके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य वित्तपोषण, गुणवत्तापूर्ण सेवाएं, जन स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने संबंधी विविध चुनौतियों का समाधान खोज सकेंगे, अनुकूलित कर सकेंगे, सह–निर्माण और प्रसार कर सकेंगे। यह, स्वास्थ्य प्रणाली के व्यापक सुदृढ़ीकरण में सहयोग करने, जिला और उप–जिला कार्यान्वयन से सीख लेने, जानकारी का उपयोग करने, और स्वास्थ्य सेवाओं के सार्वजनीकरण की संकल्पना को साकार करने का एक अवसर है।

यह पद पूर्णतः संविदा आधार पर विशिष्ट रूप से वरिष्ठ परामर्शदाता–स्वास्थ्य सेवा वित्तपोषण का है।

भूमिकाएं और दायित्वः

- राष्ट्रीय स्वास्थ्य लेखा को विकसित करने के लिए एचसीएफ टीम का नेतृत्व करना और राज्य स्वास्थ्य लेखा पर कार्य करने के लिए राज्यों को सहयोग करना।
- राज्यों और केंद्र में स्वास्थ्य और व्यय पैटर्न के लिए बजटीय आवंटन संबंधी डेटा का विश्लेषण करना।
- अध्ययनों और एनएसएसओ जैसे स्वास्थ्य व्यय पर बड़े पैमाने पर घरेलू सर्वेक्षण डेटा के आधार पर विश्लेषणात्मक रिपोर्ट तैयार करना।
- विभिन्न कार्यक्रमों और प्रौद्योगिकियों के लागत प्रभावशीलता मूल्यांकन पर कार्य करने में सक्षम।
- विभिन्न कार्यक्रमों के वित्तपोषण और निधि प्रवाह (फंड फ्लो) को समझने के लिए अध्ययन करना, और कार्यक्रम प्रबंध एवं सुधार के साधनों के रूप में आवंटन दक्षता में सुधार और वित्तपोषण का उपयोग करने की सिफारिशें करना।
- विशेष रूप से सार्वजनिक–निजी भागीदारियों और बीमा कार्यक्रमों का कार्यक्रम मूल्यांकन करना।
- जन स्वास्थ्य एवं वित्तपोषण विशेषज्ञ के रूप में विभिन्न हितधारकों को तकनीकी जानकारी प्रदान करना।
- सलाहकार–स्वास्थ्य सेवा वित्तपोषण और कार्यकारी निदेशक, एनएचएसआरसी द्वारा सौंपे गए अन्य कार्य करना।

शैक्षणिक योग्यता और कार्य अनुभवः

- जन स्वास्थ्य में स्नातकोत्तर योग्यता, स्वास्थ्य वित्तपोषण में विशेषज्ञता/एमबीए (वित्त) या अर्थशास्त्र/व्यावहारिक अर्थशास्त्र/ स्वास्थ्य वित्तपोषण में डॉक्टरेट या एमफिल उपाधि सहित किसी प्रतिष्ठित संस्थान से एमबीबीएस/बीडीएस/आयुष उपाधि धारक।
- बड़े पैमाने पर डेटा के विश्लेषण और स्वास्थ्य वित्तपोषण राज्य में योग्यता उपरांत कार्य करने का न्यूनतम 5 वर्षों का अनुभव।
- आम तौर पर उपयोग किए जाने वाले पैकेजों, एमएस–वर्ड, एक्सेल, पॉवरपाइंट की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में प्रवीणता; किसी एक कंप्यूटरीकृत लेखाकरण पैकेज का ज्ञान अत्यंत वांछनीय है।
- उत्कृष्ट संप्रेषण एवं प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक और अंतर्वैयक्तिक क्षमताएं, अंग्रेजी भाषा में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल।
- हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान भी वांछनीय है।
- बहु–क्षेत्रीय टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता।
- केंद्र और/या राज्य स्तर के वरिष्ठ सरकारी पदाधिकारियों के साथ कार्य करने का अनुभव अत्यंत वांछनीय है।
- उच्च गुणवत्तापूर्ण प्रकाशित कार्य या विशिष्ट सुससंगत कार्य अनुभव होने पर औपचारिक शैक्षणिक योग्यता और अनुभव में ढील दी जा सकती है।
- एनएचएसआरसी में अन्य पदों के लिए उपयुक्त अभ्यर्थियों पर भी विचार किया जाएगा।

आयु सीमाः 50 वर्ष (आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को)

कार्य स्थलः नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार राज्यों एवं जिलों की अत्यधिक यात्रा।

पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 99,000/– रु. से 1,43,000/– रु. तक।

** योग्यता एवं अनुभव के आधार पर उपर्युक्त सीमा में पारिश्रमिक का निर्धारण किया जाएगा।*

आवेदन करने के लिए: अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को 19 दिसंबर, 2019 तक nhsrc.recruitments@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।